**सत्र प्रकरण क्रमांक-88/2019, शासन विरूद्ध गितेश्वर कुमार साहू**

**Witness No. .........................7......For.........अभियोजन साक्षी.............................**

Deposition taken on the.....**16-05-2024..**.....Day of....**गुरूवार**.... Witness apparent age **65 वर्ष**,............. State of Affirmation......**शपथपुर्वक**.......my name is......**रजमत साहू** .......W/of..........**श्री गेसूराम साहू,........** Occuption...........**गृहणी .**...........Address...........**ग्राम-भानपुर, जिला-धमतरी, छ०ग०**

---

**__Time-04:10 PM**

**मुख्य परीक्षण द्वारा श्रीमती वर्षा राठौर अपर लोक अभियोजक**

1. मै न्यायालय उपस्थित आरोपी को पहचानती हूं । वह मेरा दमाद है इसलिए मै उसे जानती हूं । मृतिका द्रोपती मेरी बेटी थी । घटना वर्ष 2017 की है, निश्चित दिनाँक आज मुझे याद नही है । मेरी बेटी का विवाह अभियुक्त् गितेश्वर से वर्ष 2000 में सम्पन्न हुआ था ।

2. मुझे मेरे दमाद अभियुक्त गितेश्वर के द्वारा फोन करके अपने टेमरी आने के लिए बोला था तब मैने पूछा था कि क्या हुआ तो जवाब ने अभियुक्त ने कहा कि आओगे तब देखना । तब मै अपने दमाद के गांव टेमरी मेरी पति के साथ रात 8.00 बजे पाहुंची थी तब मेरी बेटी को निचे उतारकर रखे थे । मेरी बेटी ने आत्महत्या कर लिया था । मेरी बेटी का सोसाईड नोट मिला था ।

3. आज मुझे याद नही है कि पुलिस ने मुझसे पूछताद की थी या नहीं ।

**टीप-इसी स्तर पर अपर लोक अभियोजक के द्वारा अभियोजन कथा का समर्थन नही किए जाने पर साक्षी को पक्षद्रोही घोषित कर सुचक प्रश्न पुछे जाने हेतु अनुमति प्रदान करने का निवेदन किया गया । अभिलेख के अवलोकन पश्चात अनुमति प्रदान की गई ।**

4. साक्षी को उसके पुलिस कथन पढ़कर सुनाए जाने पर **अ से अ** भाग पर उल्लेखित "मेरे

पति ................................मेरी बेटी आत्महत्या कर ली" का कथन पुलिस को नहीं देना व्यक्त् किया है ।

**प्रतिपरीक्षण द्वारा नितेश गुप्ता अधिवक्ता वास्ते आरोपी**

5. यह कहना सही है कि मेरी पुत्रि मृतिका और मेरा दमाद गितेश्वर की शादी को 17 वर्ष हो गए थे और वे दोनो आपास में प्रेम पूर्वक रहते थे । यह कहना सही है कि 17 वर्ष तक मेरी पुत्री एवं दमाद के बीच कोई लड़ाई-झगड़ा नही होता था ।

**Time-04:23 PM**

**गवाहो को पढ़कर सुनाया गया ।**
**सही होना स्वीकार किया गया ।**
**सही/-**
**(वंदना दीपक देवांगन)**
**सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,**
**रायपुर, (छ०ग०)**

**मेरे निर्देश पर टंकित किया गया ।**
**सही/-**
**(वंदना दीपक देवांगन)**
**सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,**
**रायपुर, (छ०ग०)**